प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.04.2026/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिवराज सिंह चौहान आज जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस और बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि में विविधता आवश्यक है। कृषि मंत्री ने कहा कि नई तकनीकी को अपनाना, आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और एकीकृत कृषि प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है।

एलपीजी

केंद्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आबंटन को दोगुना करने का निर्णय लिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभागों को केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से आपूर्ति करने के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि बढ़ा हुआ आवंटन प्रवासी श्रमिकों को पदान किए गए सिलेंडरों की औसत दैनिक आपूर्ति पर आधारित होगा।

भाजपा बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज मंडी में शुरू हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पार्टी के अनुसार इस बैठक में संगठन के विभिन्न आयामों पर विचार विमर्श किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा हो रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाए जाने से जनता मंहगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा करने की बजाए उस पर मंहगाई का बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार को संरक्षण, कर्ज लेना, जनता पर करों का बोझ थोपना और मित्रों का भरण पोषण ही सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है।

पेंटिंग प्रदर्शनी

प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पेंटिंग प्रदर्शनी आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आरंभ हुई। प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने किया। इस

मौके पर प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में 12 पुलिस जवानों और अधिकारियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग को प्रदर्शित किया गया है। महापौर सुरेंद्र चौहान ने इस मौके पर कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी पुलिस जवानों के भीतर छीपी प्रतिभा को बाहर निकालने का एक अच्छा मौका है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने हाल ही में हुई ओलावृष्टि से सेब बागवानों को हुए नुकसान पर चिंता जताई है और प्रदेश सरकार से तुरंत मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि अभी तक प्रदेश सरकार ने न तो नुकसान का सर्वे किया है और न ही राहत की घोषणा की है। उन्होंने सरकार के इस रवैये को किसानों के प्रति संवेदनहीनता करार दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार से ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सर्वेक्षण करवाने और बागवानों को मुआवजा देने की मांग की। भारद्वाज ने ये भी कहा कि प्रदेश में हो रही ओलावृष्टि से सेब की पैदावार पर संकट आ गया है।

बस सेवा

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने पांगी प्रशासन और राज्य पथ परिवहन निगम से सुराल–शिमला बस सेवा तुरंत बहाल करने की मांग की है ताकि पांगी घाटी की जनता को राहत मिल सके। भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया कि भारी बर्फबारी के कारण ये बस सेवा पिछले लगभग चार महीनों से बंद है। इस कारण पांगी घाटी के लोगों को टैक्सियों में भारी भरकम किराया देकर कुल्लू– मनाली पहुंचना पड़ रहा है।

भूस्खलन

इस बीच चंबा जिला जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ग्रीमा और सिंयूर पंचायतों को जोड़ने वाला रावी नदी पर निर्माणधीन पुल भारी भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना में जान–माल के नुकसान की फिलहाल सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार ये पुल लगभग तैयार हो गया था।

———————————————————————